**B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION**

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**
**SET – 1**

Class: V | Duration : 3.00 Hrs
Date : 21.03.2026 | Max. Marks: 80
Admission No.: | Roll No.:

---

सामान्य निर्देश 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 22 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश — 14 अंक
भाग 'ख' : व्याकरण — 17 अंक
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक — 24 अंक
भाग 'घ' : लेखन- कौशल — 25 अंक

---

## खंड क (अपठित बोध ) ( 14 अंक)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

एक बार बोधिसत्व पहाड़ी रास्ते से होकर उस पार बस्ती की ओर जा रहे थे। अचानक उनकी दृष्टि नीचे घाटी में बैठी शेरनी पर पड़ी। उसके पास ही दो नवजात शावक उछल-कूद कर रहे थे। शेरनी ने दो दिन पहले ही उन बच्चों को जन्म दिया था। इस कारण वह इतनी दुर्बल हो चुकी थी कि उसमें शिकार करने तक की शक्ति न थी। वह शेरनी तीन-चार दिनों से बिलकुल भूखी थी। उसकी दशा देखकर बोधिसत्व का हृदय करुणा से भर गया। उन्होंने सोचा, 'इसी प्रकार एक-दो दिन और भूखी रहने पर तो इस शेरनी के साथ-साथ इन शावकों के प्राण भी संकट में पड़ जाएँगे।' यही सोच, उन्होंने अपने शरीर को एक चट्टान से टकरा दिया और कुछ ही समय में चट्टानों पर लुढ़कता हुआ उनका शरीर शेरनी के पास जा पहुँचा। उनके मृत शरीर को खाकर शेरनी ने अपनी क्षुधा शांत की ।

**(i)** शेरनी ने कितने बच्चों को जन्म दिया था? **[1]**
(a) दो (b) तीन
(c) चार (d) पाँच

**(ii)** वह कितने दिनों से भूखी थी? **[1]**
(a) चार-पाँच (b) दो-तीन
(c) सात-आठ (d) तीन-चार

**(iii)** शेरनी की दशा देखकर बोधिसत्व का हृदय किससे से भर गया? **[1]**
(a) करुणा (b) खुशी
(c) घृणा (d) संदेह

**(iv)** बोधिसत्व को कहाँ जाना था? **[2]**

**(v)** बोधिसत्व ने अपने प्राण क्यों त्याग दिए? **[2]**

प्रश्न.2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

किसी गाँव में एक किसान रहता था | किसान के चार बेटे थे | वे सदा आपस में झगड़ते रहते थे | किसान उन्हें झगड़ते देखकर बहुत दुखी होता था | उसने उन्हें बहुत समझाया , पर उनमें मेल नहीं हुआ | एक दिन किसान को एक तरकीब सूझी | उसने लकड़ी का एक गट्ठर मँगवाया | अपने चारों बेटों को बुलवाया और एक-एक करके लकड़ी के गट्ठर को तोड़ने के लिए कहा | कोई भी उसे तोड़ नहीं पाया | फिर किसान ने उस गट्ठर को खुलवा दिया | उसने सबको एक-एक लकड़ी दी और तोड़ने को कहा | सबने उसे आसानी से तोड़ दिया | किसान ने समझाया - " जब तक गट्ठर बँधा था , तब तक उसे तुममें से कोई भी नहीं तोड़ पाया , पर जब वह खुल गया, तो तुम सबने एक-एक लकड़ी को बहुत आसानी से तोड़ दिया | इसी तरह यदि तुम सब मिल -जुलकर रहोगे , तो तुम्हें कोई हानि नहीं पहुँचा सकता|" इस कहानी से सीख मिलती है कि एकता में बहुत शक्ति होती है |

**(i)** किसान के कितने बेटे थे? **[1]**

(a) दो (b) तीन

(c) चार (d) पाँच

**(ii)** किसान ने बेटों को क्या तोड़ने के लिए दिया था? **[1]**

(a) पत्थर (b) लकड़ी का गट्ठर

(c) रस्सी (d) डंडा

**(iii)** कहानी से हमें क्या सीख मिलती है? **[1]**

(a) मेहनत का फल मीठा होता है (b) झगड़ा बुरी बात है

(c) एकता में शक्ति होती है (d) समय का सदुपयोग करना चाहिए

**(iv)** किसान अपने बेटों से दुखी क्यों था? **[2]**

**(v)** इस कहानी से क्या सीख मिलती है? **[2]**

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण (17 अंक)

प्रश्न.3 **संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन**) [3]

**(i)** गंगा एक पवित्र नदी है | (वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा बताइए)

**(ii)** विशेषण के कितने प्रकार है?

**(iii)** कोई आवाज दे रहा है |(वाक्य में सर्वनाम शब्द बताइए)

**(iv)** दो किलो आलू दे दो | (वाक्य में विशेषण शब्द बताइए)

**प्रश्न.4 विलोम और पर्यायवाची शब्दों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** [2]

**(i)** नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (कोई दो)

**(i)** जीत **(ii)** सुगंध **(iii)** मौखिक

**(ii)** नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (कोई दो)

**(i)** आकाश **(ii**) वृक्ष **(iii**) धरती

**प्रश्न.5 क्रिया विशेषण और संबंध -बोधक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो) [2]**

**(i)** रिया ध्यानपूर्वक पढ़ती है | (वाक्य में क्रिया -विशेषण बताइए)

**(ii)** रजत धीरे -धीरे बात कर रहा है | (वाक्य में क्रिया -विशेषण बताइए)

**(iii)** मेरे घर के पास बड़ा पार्क है | (वाक्य में संबंध -बोधक शब्द बताइए)

**प्रश्न.6 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[2]**

**(i)** विज्ञान में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए |

**(ii)** प्रगति में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए|

**(iii)** दुकानदार शब्द में प्रत्यय शब्द बताइए|

**प्रश्न.7 क्रिया और काल पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[2]**

**(i)** लोग नदी में तैर रहे हैं | (वाक्य में क्रिया बताइए)

**(ii)** खिलाड़ी मैदान में खेल रहे हैं | (काल का नाम लिखिए)

**(iii)** रवि बाजार गया था | (काल का नाम लिखिए)

**प्रश्न.8 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[2]**

**(i)** दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए - बेटा, सेठ, माली

**(ii)** दिए गए शब्दों वचन बदलिए - तोता, घोड़ा, तितली

**प्रश्न.9 दिए गए शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (कोई एक)** **[1]**

**(i)** सात दिनों का समूह

**(ii)** जिसका अंत न हो

**प्रश्न.10 वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ और विराम -चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- :- (कोई दो)** **[2]**

**(i)** दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:- तिथी, ओरत

**(ii)** यह मेरी पुस्तक है (सही विराम -चिह्न लगाइए)

**(iii)** सड़क सदा दाएँ बाएँ देखकर पार करो (सही विराम -चिह्न लगाइए)

**प्रश्न.11 मुहावरों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- :- (कोई एक)** **[1]**

**(i)** 'हवा से बातें करना' मुहावरे का अर्थ बताइये|

**(ii)** भीगी बिल्ली बनना-मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए|

<u>**खंड ग (पाठ्यपुस्तक )**</u> (24 अंक)

**प्रश्न.12 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** **[5]**

आज एक अजीब सी घटना हुई। आधी छुट्टी के समय सभी बच्चे अपनी-अपनी कक्षा के बाहर खेल रहे थे। कुछ अपने मित्रों के साथ खाना खा रहे थे। तभी कुछ बच्चों ने देखा कि तारों के बने घेरे के पास से मैले-कुचैले कपड़े पहने एक लड़की बच्चों को ललचाई दृष्टि से देख रही है। उसे देखते ही कुछ बच्चे हाथ में पत्थर लेकर उसकी तरफ भागे। बच्चों को अपनी ओर आता देखकर वह भागने लगी। तभी रोहन ने एक पत्थर उस लड़की की ओर फेंका। पत्थर उसके माथे पर लगा। पत्थर लगते ही उसके माथे से खून निकलने लगा और वह लड़की बेहोश होकर गिर पड़ी। सभी बच्चे जोर-जोर से चिल्लाने लगे-"खाना चोर पकड़ी गई। खाना चोर पकड़ी गई।" मुझे भी उत्सुकता हुई और मन में विचार आया कि देखूँ कि व लड़की कौन है **?**

**(i)** यह घटना किस समय घटी**?**

**(a)** प्रार्थना सभा के समय **(b)** कक्षा में पढ़ाई के समय

**(c)** आधी छुट्टी के समय **(d)** स्कूल की छुट्टी के बाद

**(ii)** बच्चे किस स्थान के पास लड़की को देख रहे थे**?**

**(a)** खेल के मैदान के पास  **(b)** कक्षा के दरवाजे पर

**(c)** तारों के बने घेरे के पास  **(d)** स्कूल गेट के पास

**(iii)** किसने लड़की की ओर पत्थर फेंका**?**

**(a)** कथावाचक ने  **(b)** अध्यापिका ने

**(c)** रोहन ने  **(d)** अन्य बच्चों ने

**(iv)** बच्चे लड़की को क्या कहकर चिल्ला रहे थे**?**

**(a)** भिखारिन  **(b)** अजनबी

**(c)** चोर  **(d)** खाना चोर

**(v)** कथन **(A)** और कारण **(R)** को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

**कथन (A):** (कथन): बच्चों ने बिना सच्चाई जाने लड़की पर पत्थर फेंक दिया।

**कारण (R):** बच्चों ने केवल उसके कपड़े और व्यवहार देखकर यह मान लिया कि वह खाना चुराने आई है।

**(a)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(b)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, पर कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(c)** कथन (A) सही है, पर कारण (R) गलत है।

**(d)** कथन (A) गलत है, पर कारण (R) सही है।

**प्रश्न.13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[4]**

**(i)** अमित कहाँ रहता था**?** उसके पापा क्या करते थे**?**

**(ii)** प्राचीन समय में लोग किस -किस पर लिखते थे और क्यों**?**

**(iii)** जल प्रदूषण से क्या होता है**?**

**प्रश्न.14 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक)** **[3]**

**(i)** प्रदूषण रोकने के लिए आप क्या उपाय करेंगे?

**(ii)** आचार्य सुश्रुत की तीन विशेषताएँ बताइये?

**प्रश्न.15 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** **[5]**

मैं सबसे छोटी हो जाऊँ**,** तेरी गोदी में सो जाऊँ
तेरा अंचल पकड़ -पकड़क**,** फिरूँ सदा माँ**!** तेरे साथ**,**
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ**!**
बड़ा बनाकर पहले हमको**,** तू पीछे छलती है मात**!**
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे**,** साथ नहीं फिरती दिन रात**!**

**(i) कवि क्या इच्छा प्रकट कर रहा है**?

**(a)** माँ से दूर जाने की  **(b)** सबसे छोटी हो जाने की

**(c)** बड़ा बनने की  **(d)** अकेले रहने की

**(ii) कवि किसकी गोदी में सोना चाहता है**?

(a) पिता की (b) बहन की

(c) माँ की (d) दादी की

**(iii) तेरा अंचल पकड़-पकड़कर' से क्या भाव प्रकट होता है**?

(a) भय (b) क्रोध

(c) स्नेह और सुरक्षा (d) उपेक्षा

**(iv) इन पंक्तियों में माँ के किस स्वभाव की ओर संकेत है**?

(a) कठोरता (b) स्वार्थ

(c) त्याग और ममता (d) उदासीनता

**(v) इस कविता का नाम क्या है**?

(a) मैं सबसे छोटी हो जाऊँ (b) वृक्ष

(c) नभ के पिंड (d) उठो धरा के अमर सपूतों

**प्रश्न.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[4]**

(i) छोटे होने पर माँ हमारे कौन -कौन से काम करती है?

(ii) दिन का मालिक कौन है? उससे हमें क्या मिलता है?

(iii) बीज को जीवन देने में किस-किसने मदद की?

**प्रश्न.17 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक)** **[3]**

**(i)** यदि वृक्षों की कटाई न रोकी गई**,** तो हमारे जीवन में क्या प्रभाव पड़ेगा**?**

**(ii)** 'मैं सबसे छोटी हो जाऊँ' कविता से हमें क्या सीख मिलती है**?**

**(लेखन-कौशल) खंड घ** 25 अंक

**प्रश्न.18 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :-** **[5]**

**(i)** मेरा जन्मदिन

**(ii)** मेरा प्रिय त्योहार

**(iii)** यदि मैं सैनिक होता

**प्रश्न.19** नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन या पत्र लिखिए:- **[5]**

**(i)** अक्षरा पेंसिल

**(ii)** सैनिटाइज़र

**(iii)** मेरी पसंदीदा चॉकलेट

**प्रश्न.20 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 50 शब्दों संवाद लिखिए :-** **[5]**

**(i)** अनाथ आश्रम में जाने के लिए मित्र को राजी करने के लिए संवाद लिखिए

**(ii)** माँ और बेटे के बीच टूर में जाने के लिए संवाद लिखिए

**प्रश्न.21 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर पत्र अथवा सूचना लिखिए :-** **[5]**

**(i)** अपने मित्र को रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए

**अथवा (or)**

**(ii)** आपका सोनी का कैमरा विद्यालय की बस में छूट गया है | इसके लिए सूचना जारी कीजिए |

**प्रश्न.22 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :-** **[5]**



==========================शुभकामनाएँ ============================